## दिनांक 06.12.2023 (बुधवार) को माननीय अध्यक्ष महोदय की अध्यक्षता में आहूत बिहार मानवाधिकार आयोग के बैठक की कार्यवाही :–

**उपस्थिति :–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | न्यायमूर्ति श्री अनंता मनोहर बदर | – | अध्यक्ष। |
| 2. | श्री उज्ज्वल कुमार दुबे | – | सदस्य। |

दिनांक–10.12.2023 को अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस एवं बिहार मानवाधिकार आयोग के 15वें स्थापना दिवस के अवसर पर बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से राज्य अन्तर्गत सभी कारा में मानवाधिकारों के प्रति विधिक जागरूकता विषय पर कार्यक्रम आयोजित किये जाने का निर्णय आयोग की बैठक (दिनांक 07.11.2023) में लिया गया था।

2. आज की बैठक में उक्त कार्यक्रम के क्रियान्वयन के संबंध में विचार विमर्श हेतु बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव एवं संयुक्त सचिव उपस्थित हैं। बैठक में जानकारी दी गई उक्त कार्यक्रम हेतु सभी आवश्यक तैयारी की जा रही है। इस हेतु IG Prisons तथा सभी DM को पत्र भेजा गया है। तथा Monitoring की जा रही है। कार्यक्रम के Logistics की व्यवस्था काराधीक्षक द्वारा की जा रही है। बैठक में अबतक हुई कार्रवाई तथा पत्राचार का फोल्डर उपस्थापित किया गया।

3. बैठक में उक्त कार्यक्रम हेतु बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से तैयार किये गये Program Content का ड्राफ्ट उपस्थापित किया गया। जिसे आयोग द्वारा अनुमोदित करते हुए यह निर्णय लिया गया कि जागरूकता कार्यक्रम हेतु Booklet print कराकर सभी कारा के लिये 50 unit तथा सभी DSLA के लिये 50 unit उन्हें दिनांक 09.12.2023 तक उपलब्ध कराया जाये। इस हेतु कुल 5000 बुकलेट प्रिंट करने हेतु कार्यालय को अविलंब कार्रवाई का निदेश दिया गया।

बैठक की कार्यवाही सधन्यवाद समाप्त की गई।

**ह0/–**
**उज्ज्वल कुमार दुबे**
**माननीय सदस्य**

**ह0/–**
**अनंता मनोहर बदर**
**माननीय अध्यक्ष**

ज्ञापांक: बी0एच0आर0सी0/स्था0– 62/2023 ....17582.... पटना, दिनांक 7/12/2023

प्रतिलिपि: माननीय अध्यक्ष कोषांग/ माननीय सदस्यगण कोषांग/ सचिव कोषांग/ अपर पुलिस महानिदेशक कोषांग/ निबंधक कोषांग, बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

02. सदस्य सचिव, बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को सूचनार्थ प्रेषित।

7/12/2023

संयुक्त सचिव
बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना।